# Daily Current Affairs

Date : 01 September, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान मंत्रिमंडलीय बैठक के निर्णय |
| 2. | नरेश कुमार शर्मा |
| 3. | त्रिनेत्र गणेश लक्खी मेला, 2025 |
| 4. | आदि वाणी (Adi Vaani) |
| 5. | रावी नदी |
| 6. | अद्यतन गोल्डन वीज़ा कार्यक्रम : ओमान |
| 7. | 15वां भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन, 2025 |
| 8. | भारत की जैव अर्थव्यवस्था |
| 9. | लिथुआनिया की नई प्रधानमंत्री : इंगा रुगिनिएन |
| 10. | दिनेश के. पटनायक : कनाडा में भारत के राजदूत नियुक्त |
| 11. | रेमन मैग्सेसे पुरस्कार, 2025 |
| 12. | SAFF U17 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप, 2025 |
| 13. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. 17 वीं CII ग्लोबल मेडटेक समिट, 2025<br>2. पहला अंतरराष्ट्रीय पाली सम्मेलन, 2025<br>3. भारत, पिकलबॉल विश्व कप में पहली बार राष्ट्रीय टीम भेजेगा<br>4. खेल सामान विनिर्माण नीति तैयार करने हेतु टास्क फोर्स का गठन |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान मंत्रिमंडलीय बैठक के निर्णय

### चर्चा में क्यों?

- 31 अगस्त, 2025 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल एवं मंत्रिपरिषद् की बैठक में निम्न महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए।




### मुख्य बिन्दु:

**निर्णय :**

1. **मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना :** प्रदेश में पीएम सूर्यघर 150 यूनिट नि:शुल्क बिजली योजना लागू की जाएगी।

- इस निर्णय का लाभ 1 करोड़ 4 लाख घरेलू श्रेणी के रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं को होगा और वह सौर ऊर्जा से जुड़कर प्रतिमाह 100 यूनिट के स्थान पर अब 150 यूनिट तक नि:शुल्क बिजली का लाभ होगा।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने वर्ष 2025-26 के बजट में मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना के रजिस्टर्ड लाभार्थियों को और अधिक लाभ देने की मंशा के साथ पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को लीवरेज करते हुए रूफ टॉप सोलर पैनल लगाकर 150 यूनिट प्रतिमाह नि:शुल्क बिजली उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण घोषणा की थी।
- **150 यूनिट से अधिक औसत मासिक उपभोग :**
  - औसत मासिक उपभोग 150 यूनिट से अधिक है, उनके घर की छत पर इस योजना में 1.1 किलोवाट क्षमता के नि:शुल्क सोलर पैनल लगाए जाएंगे।
  - इसके लिए ऐसे प्रत्येक उपभोक्ता को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत भारत सरकार से प्रति संयंत्र 33,000 रुपये की वित्तीय सहायता मिलेगी। वहीं राज्य सरकार द्वारा 17,000 रूपए प्रति संयंत्र की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाएगी।
  - इससे 1.1 किलोवाट क्षमता का पैनल पूरी तरह नि:शुल्क हो जाएगा और 150 यूनिट तक मासिक खपत पर उपभोक्ता का मासिक बिजली बिल शून्य हो जाएगा। वहीं करीब 27 लाख परिवारों के रूफ टॉप संयंत्र लगने से 3,000 मेगावाट अतिरिक्त सौर ऊर्जा क्षमता सृजित होगी।
- **150 यूनिट से कम औसत मासिक उपभोग :**
  - 150 यूनिट से कम औसत मासिक उपभोग वाली श्रेणी के अन्तर्गत प्रथम कैटेगरी में मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना के ऐसे 11 लाख लाभार्थी परिवार, जिनके पास अपने घर की छत पर नि:शुल्क रूफ टॉप सोलर संयंत्र लगाने के लिए छत उपलब्ध है, उनके लिए वितरण कंपनियों द्वारा अपने चयनित वेंडर्स के माध्यम से नि:शुल्क 1.1 किलोवाट क्षमता के सोलर संयंत्र लगाए जाएंगे।
  - द्वितीय कैटेगरी में ऐसे रजिस्टर्ड शेष उपभोक्ता के लिए डिस्कॉम्स सामुदायिक सोलर संयंत्र लगाए जायेगे साथ ही, इन संयंत्रों पर वर्चुअल नेट मीटरिंग के माध्यम से ऐसे उपभोक्ताओं को इन सामुदायिक सोलर संयंत्रों से मिलने वाली बिजली के रूप में 150 यूनिट नि:शुल्क बिजली प्रतिमाह उपलब्ध होगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

2. **नगरीय निकायों में 1 लाख के स्थान पर 2 लाख स्ट्रीट लाइटें :** प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में आबादी बढ़ने के साथ-साथ आवासीय क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए सड़कों पर एक लाख एलईडी स्ट्रीट लाईटें लगाने की घोषणा वर्ष 2025-26 के बजट में की गई थी।

- नगरीय निकायों की संख्या 282 से बढ़कर 312 हो जाने एवं कई नगरीय निकायों में पुरानी लाइटों के स्थान पर 2 लाख स्ट्रीट नवीन लाइटें लगाई जाएंगी।

3. **सीवरेज एवं अपशिष्ट जल नीति-2016 में संशोधन :** प्रदूषित जल से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण और स्वास्थ्य सम्बन्धी दुष्प्रभावों से बचाव के लिए प्रदेश में सीवरेज एवं अपशिष्ट जल नीति-2016 में संशोधन को कैबिनेट में मंजूरी दी गई है।

- संशोधित नीति में नमामि गंगे परियोजनाओं के अनुरूप हैम मॉडल को अपनाया गया है। इसमें कुल परियोजना लागत की 40 प्रतिशत राशि कार्य समाप्ति एवं शेष 60 प्रतिशत राशि संचालन-संधारण समयावधि में समान किश्तों में प्राइवेट पार्टनर को दी जाएगी।

4. **राजस्थान विधिविरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक, 2025 :** प्रलोभन अथवा कपटपूर्वक धर्मान्तरण के प्रयासों को रोकने के लिए राजस्थान विधिविरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 विधानसभा में लाया जाएगा।

5. **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के सेवा नियमों को मंजूरी :** राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के मंत्रालयिक एवं अधीनस्थ सेवा संवर्ग के पदों पर भर्ती के लिए वर्ष 2014 में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड का गठन किया गया।

- मंत्रिमंडल की बैठक में बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों हेतु नए सेवा नियम राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड (गैज़ेटेड स्टाफ) सर्विस रूल्स, 2025 एवं राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड (मिनिस्टीरियल एंड सबऑर्डिनेट सर्विसेज) रूल्स, 2025 बनाए जाने के साथ ही राजस्थान सबऑर्डिनेट एंड मिनिस्टीरियल सर्विसेज (कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट) रूल्स, 2022 में संशोधन का अनुमोदन किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# नरेश कुमार शर्मा

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, नरेश शर्मा और परसराम शर्मा राजस्थान कोर्फबॉल संघ की साधारण सभा में सम्पन्न चुनावों में क्रमशः अध्यक्ष और सचिव पद पर निर्विरोध चुने गए।



## मुख्य बिन्दु:

- निर्वाचन अधिकारी अशोक शर्मा ने चार वर्ष (2025-2029) के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की।
- साधारण सभा की बैठक में इन्द्र प्रकाश टिक्कीवाल को सीईओ, प्रेमचन्द सैनी को चेयरमैन सलेक्शन कमेटी और नेमीचंद सैनी को चेयरमैन रेफरी बोर्ड के पद पर मनोनीत किया गया।

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | नरेश शर्मा |
| उपाध्यक्ष | भूराराम चौधरी, मोहम्मद इशाक |
| सचिव | परसराम शर्मा |
| सह-सचिव | मोहम्मद सिराजुद्दीन व देवेन्द्र सिंह |
| कोषाध्यक्ष | सरस्वती देवी |
| सलाहकार | राजेश शर्मा |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

| संस्थान | अध्यक्ष |
|---|---|
| राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद (वर्ष 1957, जयपुर ) | नीरज के. पवन |
| राजस्थान फुटबॉल संघ | मानवेन्द्रसिहं |
| राजस्थान ओलंपिक संघ और राजस्थान कबड्डी संघ | तेजस्वी गहलोत |
| राजस्थान तैराकी संघ | अनिल व्यास |
| राजस्थान तीरंदाजी संघ | दीपेंद्र सिंह खंगारोत |
| राजस्थान कुश्ती संघ | राजीव दत्ता |
| राजस्थान हैण्डबॉल संघ | ललित कलास |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# त्रिनेत्र गणेश लक्खी मेला, 2025



## चर्चा में क्यों?

- सवाई माधोपुर जिले के विश्व प्रसिद्ध रणथंभौर दुर्ग में स्थित एकमात्र त्रिनेत्र गणेश मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक लक्खी मेला का आयोजन किया गया।

## मुख्य बिन्दु:

### राजस्थान के गणेश मंदिर :

| | |
|---|---|
| खड़े गणेश | कोटा |
| खेड़ गणेश | बाड़मेर |
| मुरला गणेश | डूंगरपुर |
| बोहरा गणेश | उदयपुर |
| बाजणा गणेश | सिरोही |
| काक गणेश | जैसलमेर |
| दुर्ग नृत्य गणेश | अलवर |
| त्रिनेत्र गणेश | रणथम्भौर |
| खोड़ा गणेश | किशनगढ़ |
| मोती डुंगरी गणेश | जयपुर |
| हेरम्ब गणेश | जूनागढ़ दुर्ग |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय परिदृश्य

## आदि वाणी (Adi Vaani)

### चर्चा में क्यों?

- **समावेशी जनजातीय सशक्तीकरण और भारत की समृद्ध भाषाई विविधता के संरक्षण की दिशा में जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार ने जनजातीय भाषाओं के लिए भारत का पहला AI-संचालित अनुवादक - "आदि वाणी" का बीटा संस्करण लॉन्च किया है।**




### मुख्य बिन्दु:

- **आदि वाणी को आदिवासी और गैर-आदिवासी समुदायों के बीच संचार अंतराल को पाटने के लिए डिज़ाइन किया गया है, साथ ही उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का उपयोग करके लुप्तप्राय आदिवासी भाषाओं की सुरक्षा भी की जा रही है।**

**बीटा चरण में शामिल भाषाएँ : चार प्रमुख जनजातीय भाषाए-**




- **अगले चरण के लिए कुई और गारो सहित अतिरिक्त भाषाओं का विकास किया जा रहा है।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**आदि वाणी :**

- **आदि वाणी एक कृत्रिम बुद्धि (AI) आधारित अनुवाद उपकरण है जो आदिवासी भाषाओं हेतु भाषा मॉडल की नींव रखता है।**
- **विकास : IIT दिल्ली के नेतृत्व में बिट्स पिलानी, IIT हैदराबाद, IIT नवा रायपुर और पाँच राज्यों के जनजातीय शोध संस्थान (TRIs) की भागीदारी से विकसित किया गया हैं।**

**उद्देश्य :**

- **हिंदी/अंग्रेजी और जनजातीय भाषाओं के बीच वास्तविक समय में अनुवाद (पाठ और वाक्) को सक्षम बनाना।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- छात्रों और शुरुआती शिक्षार्थियों के लिए इंटरैक्टिव भाषा शिक्षण प्रदान करना।
- लोककथाओं, मौखिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को डिजिटल रूप से संरक्षित करना।
- जनजातीय समुदायों में डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य सेवा संचार और नागरिक समावेशन को बढ़ावा देना।
- सरकारी योजनाओं और महत्वपूर्ण भाषणों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना।

**कार्यप्रणाली और विशेषताएं :**

- **AI भाषा मॉडल :** कम संसाधन वाली जनजातीय भाषाओं के लिए नो लैंग्वेज लेफ्ट बिहाइंड (NLLB) और इंडिकट्रांस 2 जैसे मॉडलों का परिष्कृत परिनियोजन।
- **सामुदायिक भागीदारी :** TRI, विशेषज्ञ और समुदाय डेटा संग्रह, सत्यापन और पुनरावृत्त विकास में शामिल हैं।
- **कार्यात्मक टूलकिट :** पाठ-से-पाठ, पाठ-से-भाषण, वाक्-से-पाठ, वाक्-से-भाषण अनुवाद।
- पांडुलिपियों और प्राइमरों के डिजिटलीकरण के लिए ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकॉग्निशन (ओसीआर)।
- द्विभाषी शब्दकोश और क्यूरेटेड रिपॉजिटरी।
- **महत्त्व :** यह पहल डिजिटल इंडिया, एक भारत श्रेष्ठ भारत, आदि कर्मयोगी अभियान, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और प्रधानमंत्री जनमन जैसे प्रमुख राष्ट्रीय मिशनों को आगे बढ़ाते हुए सांस्कृतिक विविधता और समानता के भारत के संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करती है।

**भारत का भाषाई परिदृश्य :**

- भारत की जनगणना, 2011 के अनुसार भारत में अनुसूचित जनजातियों द्वारा बोली जाने वाली 461 जनजातीय भाषाएँ और 71 विशिष्ट जनजातीय मातृभाषाएँ हैं।
- इनमें से 81 भाषाएँ संवेदनशील हैं और 42 गंभीर रूप से संकटग्रस्त हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# रावी नदी

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, रावी नदी में बाढ़ के कारण जल पाकिस्तान के नारोवाल जिले में गुरुद्वारा दरबार साहिब सहित करतारपुर कॉरिडोर परिसर तक पँहुच गया हैं।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

| | |
|---|---|
| उद्गम | रोहतांग दर्रे, चंबा क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश |
| ऋग्वैदिक नाम | परुष्णी या पुरुष्णी और इरावती |
| जल विसर्जन | अहमदपुर सियाल के पास चिनाब नदी में। |
| भारत में अपवाह | हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू और कश्मीर |
| सहायक नदियां | दायीं - बुधिल, बैरा, सिउल। |
| | बायीं - उझ (जम्मू-कश्मीर), बसंतर, सेवा। |
| भारत में लंबाई | 320 किमी. (158 किमी. हिमाचल प्रदेश और 162 किमी. पंजाब में) |
| भारत में प्रमुख अवसंरचना | रणजीत सागर (थीन) बांध : जल विद्युत + सिंचाई। |
| | शाहपुर कंडी परियोजना : डाउनस्ट्रीम भंडारण और सिंचाई। |
| | माधोपुर हेडवर्क्स : ऊपरी बारी दोआब नहर के लिए ऑफ-टेक । |
| | चमेरा जलविद्युत परियोजनाएँ |
| | प्रस्तावित उझ बहुउद्देशीय परियोजना (जम्मू एवं कश्मीर) |
| | |

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

- **सिंधु जल संधि :** भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 की सिंधु जल संधि के तहत रावी नदी , व्यास और सतलुज नदियों के साथ भारत को आवंटित की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## करतारपुर साहिब कॉरिडोर :




- **अवस्थित :** करतारपुर साहिब (नारोवाल जिला, पाकिस्तान) और डेरा बाबा नानक (गुरदासपुर जिला, पंजाब,भारत) गुरुद्वारा के मध्य।




- **करतारपुर साहिब कॉरिडोर पर समझौता :** वर्ष 2019
- **समझौते के प्रावधान :** भारतीय तीर्थयात्रियों और ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (OCI) कार्डधारकों को भारत से पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर तक वर्ष भर दैनिक आधार पर वीजा-मुक्त यात्रा का प्रावधान किया गया है।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## अद्यतन गोल्डन वीज़ा कार्यक्रम : ओमान

### चर्चा में क्यों?

- 31 अगस्त, 2025 को ओमान ने नए गोल्डन वीज़ा कार्यक्रम की शुरुआत की, जो ओमान को एक वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करेगी।




### मुख्य बिन्दु:

- यह पहल अर्थव्यवस्था में विविधता लाने और तेल राजस्व पर निर्भरता कम करने के विज़न 2040 लक्ष्यों के अनुरूप है।
- अद्यतन कार्यक्रम विदेशी निवेशकों, उद्यमियों, सेवानिवृत्त लोगों और कुशल पेशेवरों के लिए पाँच या दस साल के नवीकरणीय निवास परमिट प्रदान करता है, जिससे उन्हें और उनके परिवारों को स्थानीय प्रायोजक के बिना ओमान में रहने, काम करने और अध्ययन करने की अनुमति मिलती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **घोषित :** वाणिज्य, उद्योग और निवेश संवर्धन मंत्रालय, ओमान द्वारा।
- **वीज़ा :** इस कार्यक्रम तहत निवेशकों को 5 या 10 वर्ष के लिए नवीकरणीय निवास परमिट मिलेगा। यह कार्यक्रम अचल संपत्ति, कंपनी स्वामित्व या पूंजी निवेश के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।
- **दस वर्षीय वीज़ा :** इसे प्राप्त करने के लिए न्यूनतम 500,000 OMR (1.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का निवेश या कम से कम 50 ओमानियों को रोजगार देने वाला व्यवसाय शुरू करना अनिवार्य है।
- **पाँच वर्षीय वीज़ा :** 250,000 OMR (650,000 अमेरिकी डॉलर) की निवेश सीमा पर यह वीज़ा प्राप्त किया जा सकता हैं।
- 4,000 OMR या उससे अधिक की निश्चित मासिक आय वाले आवेदकों के लिए पाँच वर्ष का सेवानिवृत्ति वीज़ा उपलब्ध है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 15वां भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन, 2025

## चर्चा में क्यों?

- 29 से 30 अगस्त, 2025 तक जापान के प्रधानमंत्री इशिबा शिगेरु के निमंत्रण पर, भारतीय प्रधानमंत्री ने 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन, 2025 में भाग लेने हेतु जापान की आधिकारिक यात्रा सम्पन्न की।



## मुख्य बिन्दु:

- 29 अगस्त, 2025 को भारतीय प्रधानमंत्री को औपचारिक रूप से गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।
- यह यात्रा वर्ष 2027 में भारत-जापान राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ विशेष आयोजनों के अनुरूप हैं।
- वर्ष 2025 को "भारत-जापान विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार आदान-प्रदान" वर्ष घोषित किया गया, जो विज्ञान और तकनीकी सहयोग की 40वीं वर्षगांठ भी है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## दारुमा गुड़िया :

- भारतीय प्रधानमंत्री को ताकासाकी-गुन्मा स्थित शोरिनजन दारुमा-जी मंदिर के मुख्य पुजारी सेशी हिरोसे ने एक दारुमा गुड़िया भेंट की।



- जापानी संस्कृति में दारुमा गुड़िया को शुभ और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। गुन्मा में ताकासाकी शहर प्रसिद्ध दारुमा गुड़ियों का जन्मस्थान है। जापान में दारुमा परंपरा बोधिधर्म की विरासत पर आधारित है, जो कांचीपुरम के एक भारतीय भिक्षु थे। जापान में उन्हें दारुमा दाइशी के नाम से जाना जाता है।
- **परिणाम :** दोनों देशों ने आर्थिक, सुरक्षा, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग को कवर करने वाले कई समझौतों के साथ-साथ "अगले दशक के लिए संयुक्त दृष्टिकोण" को अपनाया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## सहयोग के तीन स्तंभ :




| रक्षा और सुरक्षा सहयोग | आर्थिक और तकनीकी साझेदारी | मानव संसाधन और प्रतिभा आदान-प्रदान |
|---|---|---|
| **सुरक्षा सहयोग पर संयुक्त घोषणा-पत्र :** इसमें रक्षा और सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए एक व्यापक फ्रेमवर्क शामिल है। | महत्वपूर्ण खनिजों पर समझौता ज्ञापन (MoU)। | जापानी भाषा और मैन्युफैक्चरिंग कौशल शिक्षा का विस्तार। |
| धर्म गार्जियन (थलसेना), शिन्यू मैत्री (वायुसेना), जिमेक्स (नौसेना) से सैन्य सहयोग और इंटरऑपरेबिलिटी में बढ़ोतरी। | **भारत में जापानी निजी निवेश का लक्ष्य :** 10 वर्षों में ¥10 ट्रिलियन (पिछले लक्ष्य का दोगुना)। | फुकुओका में भारत का नया वाणिज्य दूतावास निर्मित किया जाएगा। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | |
|---|---|---|
| रक्षा प्रौद्योगिकी विकास और समुद्री सुरक्षा में संयुक्त प्रतिबद्धता। | **10 वर्षीय भारत-जापान आर्थिक सुरक्षा पहल का शुभारंभ :** यह आठ क्षेत्रकों- आर्थिक साझेदारी, आर्थिक सुरक्षा, गतिशीलता, प्रौद्योगिकी और नवाचार आदि में रणनीतिक फ्रेमवर्क। | **मानव संसाधन विनिमय हेतु कार्ययोजना :** पाँच वर्ष में 5 लाख लोगों (जिनमें 50,000 कुशल और अर्द्ध-कुशल भारतीय) का आदान-प्रदान, जिनमें 50,000 भारतीय पेशेवर जापान भेजे जाएंगे।(नेक्स्ट जनरेशन मोबिलिटी पार्टनरशिप)। |
| | **भारत-जापान डिजिटल साझेदारी 2.0 का शुभारंभ :** इसमें AI, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा शामिल हैं। | सांस्कृतिक आदान-प्रदान क्षेत्र में समझौता ज्ञापन। |
| | **अधिग्रहण एवं क्रॉस-सर्विसिंग समझौता (ACSA) :** इसके के अंतर्गत लॉजिस्टिक्स सहायता को मजबूत किया जाएगा। | अगली पीढ़ी की गतिशीलता साझेदारी के तहत जापान में 50,000 भारतीय कामगारों को नियुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। |
| | संयुक्त ऋण व्यवस्था पर सहयोग ज्ञापन | सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान और जापान के विदेश मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन। |

### तकनीकी सहयोग :

- **AI सहयोग पहल :** AI और LLMs में संयुक्त अनुसंधान।
- संयुक्त R&D, स्टार्टअप इनक्यूबेशन, भारत में डेटा सेंटर।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी और हाइड्रोजन व अमोनिया पर संयुक्त घोषणा (सतत ईंधन पहल)।
- मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल में शिंकानसेन E10 ट्रेनें और सिग्नलिंग सिस्टम।
- **संयुक्त चंद्र ध्रुवीय अन्वेषण मिशन (LUPEX चंद्र मिशन) :** चंद्रमा अन्वेषण के लिए इसरो और जाक्सा को एक साथ लाता है।

**वैश्विक और क्षेत्रीय सहयोग :**

- एक्ट ईस्ट फोरम और अफ्रीका विकास पहल में सहयोग।
- **इंडो पेसिफिक साझेदारी :** ASEAN केंद्रीयता, FOIP दृष्टि और QUAD सहयोग का समर्थन।

**स्थिरता और पर्यावरण :**

- **संयुक्त ऋण तंत्र (JCM) के अंतर्गत सहयोग :** इसका उद्देश्य निम्न कार्बन प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना और बढ़ावा देना है।
- **विकेंद्रीकृत घरेलू अपशिष्ट जल प्रबंधन पर समझौता ज्ञापन :** दोनों देशों परस्पर अपशिष्ट जल प्रबंधन और नवीकरणीय ऊर्जा परिनियोजन पर सहयोग करेगें।

**अन्य सहयोग :**

- भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और जापान के शिक्षा, संस्कृति, खेल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईएक्सटी) के बीच संयुक्त आशय पत्र की घोषणा।
- भारतीय और जापानी SME के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत-जापान लघु और मध्यम उद्यम मंच का शुभारंभ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

### जापान :




- **राजधानी :** टोक्यो, दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले और आधुनिक शहरों में से एक।
- **द्वीप :** जापान में चार मुख्य द्वीप हैं - होन्शू (सबसे बड़ा), होक्काइडो, क्यूशू और शिकोकू और अन्य छोटे द्वीप : रयूकू, इज़ू, बोनिन और ज्वालामुखी द्वीप।
- **सर्वोच्च चोटी :** माउंट फ़ूजी।
- जापान "रिंग ऑफ फायर" पर स्थित हैं जो भूकंप, सुनामी और ज्वालामुखी विस्फोटों आदि के कारण चर्चा में बना रहता हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## भारत की जैव अर्थव्यवस्था

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ने बायोई3 / BoiE3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोज़गार के लिए जैव-प्रौद्योगिकी) नीति के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज युवाओं के लिए बायोई3 (BoiE3) चुनौती और देश के पहले राष्ट्रीय बायोफाउंड्री नेटवर्क का शुभारंभ किया।




### मुख्य बिन्दु:

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**भारत की जैव अर्थव्यवस्था :**

- भारत की जैव अर्थव्यवस्था वर्ष 2014 में 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2024 में 165.7 अरब डॉलर से अधिक हो गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### बायोई3 सेल तथा पहले राष्ट्रीय बायोफाउंड्री नेटवर्क :

- इसके तहत् बायोई3 सेल तथा पहले राष्ट्रीय बायोफाउंड्री नेटवर्क का शुभारंभ किया गया जिसमें 6 संस्थान शामिल हैं, जो अवधारणा विकास, स्वदेशी जैव-विनिर्माण को बढ़ावा देने और रोज़गार के अवसर सृजित करने में सहायता करेगा।

### बायोई3 चैलेंज का शुभारंभ :


- यह "सूक्ष्मजीवों, अणुओं और अन्य का डिज़ाइन" विषय के अंतर्गत युवा नवप्रवर्तकों के लिए एक राष्ट्रव्यापी आह्वान है।
- इस चैलेंज की घोषणा अक्टूबर, 2025 से शुरू होकर हर महीने की पहली तारीख को की जाएगी।
- इसमें शीर्ष 10 विजेता समाधानों में से प्रत्येक को मान्यता और मार्गदर्शन सहायता के साथ ₹1 लाख का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त 100 चयनित पुरस्कार विजेता को BIRAC के माध्यम से दो किस्तों में ₹25 लाख तक की धनराशि प्राप्त होगी।
- बायोई3 / BoiE3 नीति: भारत की पहली जैव प्रौद्योगिकी नीति।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी : 24 अगस्त, 2024 में।
- कार्यान्वयन: जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT)।
- लक्ष्य : 2030 तक 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **उद्देश्य :** भारत में आर्थिक विकास, पर्यावरणीय स्थिरता और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना।

**मुख्य विशेषताएं :**


- रोजगार सृजन।
- विषयगत क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास तथा उद्यमिता को नवाचार-संचालित समर्थन।
- यह नीति बायो-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हब, बायोफाउंड्री और बायोमैन्युफैक्चरिंग हब जैसे बायो-इनेबलर्स की स्थापना कर प्रौद्योगिकी विकास और व्यावसायीकरण को प्रोत्साहित करती हैं।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### जैव विनिर्माण के विषयगत क्षेत्र :




- **जैव अर्थव्यवस्था :** FAO के अनुसार "जैविक संसाधनों का उत्पादन, उपयोग और संरक्षण है, जिसमें सभी आर्थिक क्षेत्रों को सूचना, उत्पाद, प्रक्रियाएं और सेवाएं प्रदान करने के लिए संबंधित ज्ञान, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार शामिल हैं।"
- **उदाहरण :** टिकाऊ कृषि, टिकाऊ मछली पकड़ना, वानिकी और जलीय कृषि, खाद्य और चारा निर्माण, जैव-आधारित उत्पाद (जैसे, बायोप्लास्टिक, बायोडिग्रेडेबल कपड़े)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## लिथुआनिया की नई प्रधानमंत्री : इंगा रुगिनिएन

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, लिथुआनियाई संसद ने सोशल डेमोक्रेट इंगा रुगिनिएन को लिथुआनिया की नई प्रधानमंत्री नियुक्त करने की मंज़ूरी दे दी।



### मुख्य बिन्दु:

- वर्ष 2024 में, रुगिनिएन पहली बार संसद के लिए चुनी गईं थीं।
- इन्होनें अपने राजनीतिक जीवन से पूर्व लिथुआनियाई ट्रेड यूनियन परिसंघ की अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।
- संसद से पुष्टि मिलने के पश्चात रुगिनिएने को 15 दिन का समय दिया गया जिसमें वह अपने मंत्रिमंडल की सूची प्रस्तुत करेंगी।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

### लिथुआनिया :




- **सीमाएँ :** लिथुआनिया उत्तर में लातविया, पूर्व और दक्षिण में बेलारूस, दक्षिण-पश्चिम में पोलैंड और कैलिनिनग्राद के पृथक रूसी ओब्लास्ट तथा पश्चिम में बाल्टिक सागर से घिरा है।
- **राजधानी :** विनियस
- **मुद्रा :** यूरो


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# दिनेश के. पटनायक : कनाडा में भारत के राजदूत नियुक्त

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारत सरकार ने वरिष्ठ राजनयिक दिनेश के. पटनायक को कनाडा में अपना नया उच्चायुक्त नियुक्त किया।



## मुख्य बिन्दु:

- 17 जून, 2025 को कनाडा के कनानास्किस में हुए G7 शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री और कनाडाई प्रधानमंत्री के मध्य हुई द्विपक्षीय वार्ता में "रचनात्मक पुनर्स्थापन" (Constructive Reset) पर सहमति बनी।
- **पटनायक की सेवाए :** 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा (IFS) अधिकारी
- भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) के महानिदेशक
- कंबोडिया और मोरक्को में भारत के राजदूत के रूप में।
- स्पेन में भारत के राजदूत के रूप में।
- UK में उप उच्चायुक्त के रूप में।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **भारत में कनाडा के राजदूत :** क्रिस्टोफ़र कूटर।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 🏆 पुरस्कार 🏆

## रेमन मैग्सेसे पुरस्कार, 2025

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारतीय गैर-लाभकारी संगठन (NGO) फ़ाउंडेशन टू एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली (एजुकेट गर्ल्स) को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार, 2025 प्रदान करने की घोषणा की गई।




### मुख्य बिन्दु:

- **संस्करण :** 67 वां
- **सम्मान समारोह :** 7 नवंबर, 2025 को मनीला, फिलीपींस में आयोजित किया जाएगा।
- **पुरस्कार :** एक पदक + एक प्रमाणपत्र + नकद पुरस्कार


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## सम्मानित व्यक्तित्व/संगठन :

फ़ाउंडेशन टू एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली (भारत) - लड़कियों की शिक्षा हेतु।

शाहिना अली (मालदीव) - पर्यावरण संरक्षण कार्य।

फ्लावियानो एंटोनियो एल. विलानुएवा (फिलीपींस) - पर्यावरण संरक्षण कार्य।

## फ़ाउंडेशन टू एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली (एजुकेट गर्ल्स) :

- **योगदान :** यह सम्मान संगठन को ग्रामीण और शैक्षिक रूप से वंचित क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और सामुदायिक-सरकारी संसाधनों को जोड़ने के लिए दिया गया।
- इस समूह ने 30,000 गाँवों में 20 लाख से ज़्यादा लड़कियों का स्कूल में नामांकन कराने और 24 लाख से ज़्यादा बच्चों को सुधारात्मक शिक्षा में मदद करने के लिए काम किया है।

स्थापना : वर्ष 2007

संस्थापक : सफीना हुसैन

मुख्यालय / प्रारंभिक क्षेत्र : राजस्थान

संगठन का वाक्यांश : "एक समय में एक लड़की" (One Girl at a Time)

उद्देश्य: स्कूल से बाहर की लड़कियों की पहचान करना तथा उन्हे शिक्षा से जोड़ना और बनाए रखना।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**रेमन मैग्सेसे पुरस्कार :**

- **स्थापना :** वर्ष 1957 में फिलीपींस के राष्ट्रपति रेमन मैग्सेसे की स्मृति में की गई।
- **उपनाम :** एशिया का नोबेल पुरस्कार।
- **प्रदान कर्त्ता :** रेमन मैग्सेसे फाउंडेशन, मनीला (फिलीपींस) द्वारा।
- यह पुरस्कार एशिया के उन व्यक्तियों और संगठनों को दिया जाता है जिन्होंने समाजसेवा, नेतृत्व, शिक्षा, पत्रकारिता, साहित्य, कला और सार्वजनिक जीवन में उल्लेखनीय योगदान किया हो।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल परिदृश्य

## SAFF U17 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप, 2025

### चर्चा में क्यों?

- 29 अगस्त, 2025 को थिम्पू के चांगलिमिथांग स्टेडियम में भारत की फुटबॉल टीम ने नेपाल को 5-0 से हराकर लगातार चौथी बार SAFF अंडर-17 महिला चैंपियनशिप का खिताब जीता।




### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** थिम्पू, भूटान में।

**रैंक :**

| रैंक | देश | अंक |
|---|---|---|
| 1 | भारत | 15 |
| 2 | बांग्लादेश | 9 |
| 3 | नेपाल | 3 |
| 4 | भूटान | 0 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **17 वीं CII ग्लोबल मेडटेक समिट, 2025**<br><br>■ **आयोजन :** 30 अगस्त, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित की गई।<br>■ **शिखर सम्मेलन का विषय :** "स्वस्थ भविष्य के लिए नवाचार - वैश्विक प्रभाव के लिए मेडटेक को आगे बढ़ाना: मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड"। |
| 2. | **पहला अंतरराष्ट्रीय पालि सम्मेलन, 2025**<br>■ **आयोजन :** 26 अगस्त, 2025 को श्रीलंका के कैंडी में।<br>■ **सहयोग :** भारत के सहायक उच्चायोग और पेराडेनिया विश्वविद्यालय के सहयोग से।<br>■ **सम्मेलन का मुख्य विषय :** "पालि भाषा का भविष्य" (थेरवाद परंपरा, पांडुलिपि अध्ययन और पालि के विकास पर चर्चा की गई)। |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**3.** **भारत पिकलबॉल विश्व कप में पहली बार राष्ट्रीय टीम भेजेगा**




- **31 अगस्त, 2025 को युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत पिकलबॉल के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ अंतर्गत भारतीय पिकलबॉल एसोसिएशन (IPA) ने अहमदाबाद में IPA सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपने दो दिवसीय चयन ट्रायल का आधिकारिक रूप से समापन किया।**
- **प्रतिस्पर्धा : इन ट्रायल में 140 से अधिक शीर्ष खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा की।**
- **चयन तीन श्रेणियों में किए गए : ओपन, अंडर-16 और 50+।**
- **भारत का पहला राष्ट्रीय पिकलबॉल दल : भारत ग्लोबल पिकलबॉल फेडरेशन की मंजूरी के तहत भारत पहली बार पिकलबॉल विश्व कप, 2025 में एक आधिकारिक राष्ट्रीय पिकलबॉल दल भेजेगा।**

**पिकलबॉल विश्व कप, 2025 :**

- **आयोजन : 27 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2025 तक फ्लोरिडा, अमेरिका में आयोजित किया जाएगा।**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**4.** **खेल सामान विनिर्माण नीति तैयार करने हेतु टास्क फोर्स का गठन**



- **गठन की घोषणा :** 30 अगस्त, 2025 को केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री द्वारा नई दिल्ली में आयोजित पहले खेल सामग्री विनिर्माण सम्मेलन के दौरान।
- केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2036 तक खेल विनिर्माण की वैश्विक हिस्सेदारी 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR